तापमान
अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025

12 पैतृक गांव मिर्जापुर पहुंचे सीएम, ग्रामीणों ने फूल बरसाए



12 भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के रचयिता : विज



## खबर संक्षेप

### अर्चना ने सीएम को तिलक लगाकर मनाया भैया दूज

**पानीपत।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तिलक लगाकर भैया दूज का पर्व मनाया। इस मौके पर उन्होंने सीएम सैनी को मिठाई खिलाई और उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वहीं डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि भैया दूज का यह पर्व सौहार्द, स्नेह और संस्कार का सुंदर प्रतीक है। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारतीय पर्व संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो भाई.बहन के पवित्र बंधन और उसके मूल्यों को बनाए रखता है।

### नीरज चोपड़ा को सीएम नायब सैनी ने दी बधाई

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत जिला के गांव खंडरा निवासी नीरज चोपड़ा को सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बनने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज चोपड़ा के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने से हरियाणा का सम्मान हुआ है और नीरज चोपड़ा इसके बाद अपने खेलों में और अधिक निखार ला पाएंगे। इस साल मई में रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए नीरज के लेफ्टिनेंट कर्नल बनने की जानकारी दी थी।

### सड़क हादसे में इस्जैक कंपनी के कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** गांव पंजेटो का माजरा के पास सड़क हादसे में इस्जैक कंपनी कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव मंडेबरी निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मंडेबरी निवासी संजीव कुमार इस्जैक कंपनी में नौकरी करता था। मंगलवार को उसकी छुट्टी थी। रात लगभग आठ बजे वह बाइक पर घर से निकला। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा।

### समाधि से सामान चोरी मामले में बेल जंपर काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ के एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव प्योदा हाल डेरा खरक पांडवा निवासी कुलदीप उर्फ दीपनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 2 मार्च 2022 को गांव फ्रासवाला मे बाबा मंगा पुरी मस्त पुरी की समाधि से पितल की टाल व करमण्डल धुफया व मुर्ति के कुण्डल व अन्य सामान चोरी करने का आरोप है।

### दो दिवसीय युवा महोत्सव तीन नवंबर से होगा शुरु

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्षता और जींद के उपायुक्त डीसी मोहम्मद इमरान रजा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव तीन व चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

## श्रीकपालमोचन में एक नवंबर से पांच नवंबर तक लगेगा मेला

# पवित्र सरोवरों में छोड़ा साफ पानी

*मेला प्रशासक एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने पांच दिवसीय मेले के इंतजामों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्री कपाल मोचन में एक नवंबर से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले के लिए युद्धस्तर पर इंतजाम किए जा रहे हैं। इस संबंध में मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल का निरीक्षण कर इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

- 18 शौचालय बनवाए गए

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेले में चल रहे विकास कार्यों तथा सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधों की समीक्षा की। मेला प्रशासक ने सबसे पहले सूरजकुंड सरोवर क्षेत्र का निरीक्षण किया। जहां पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले व बॉउंड्री वाल का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण किए जाएं। श्री कपाल मोचन और श्री ऋण मोचन सरोवरों की पूरी तरह सफाई कर चूना डालकर पानी छोड़ा गया है ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके।



**यमुनानगर।** श्रीकपाल मोचन तीर्थ स्थल पर इंतजामों का जायजा लेते हुए मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल।

### समय पर प्रबंध पूरे करने के आदेश

*मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि सभी विभागों को अपने अपने कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मेला आरंभ होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे शांतिपूर्वक दर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान मेला अधिकारी एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग, श्राइन बोर्ड के लेखाकार पंकज अग्रवाल, विकास व गुलशन आदि मौजूद रहे।*

### ई.रिक्शा सेवा मिलेगी

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने यातायात और आवागमन प्रबंधों को भी सुदृढ़ किया है। ई.रिक्शा सेवा प्रारंभ की जाएगी जो कपाल मोचन क्षेत्र से व्यासपुर तक चलेगी। इन वाहनों पर मेला प्रशासन द्वारा जारी पास अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### नई व्यवस्थाएं की

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि इस वर्ष तीर्थ स्थल श्रीकपाल मोचन में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई नई व्यवस्थाएं की गई हैं। जनाना घाटों की दीवारों पर चार चार फीट ऊंची फाइबर शीट लगाई गई है। पूर्व में इन स्थानों पर कपड़े के पर्दे लगाए जाते थे। जिन्हें अब स्थायी व्यवस्था में बदला गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 से 20 स्थायी शौचालयों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था, जिनमें से 18 शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

### स्नेचिंग गिरोह के तीन आरोपी काबू, सात मोबाइल बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने स्नेचिंग करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों से स्नेचिंग की तीन वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान सैनी कॉलोनी निवासी विक्की व सन्नी व छोटूराम चौक निवासी रिजवान के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने मिलकर 8 अक्तूबर को सेक्टर 29 में पैदल जा रहे युवक को चोट मारकर मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदात के अतिरिक्त गत जनवरी माह में इंडो फार्म के पास पैदल जा रहे युवक से मोबाइल फोन व 1 सितंबर को सिवाह गांव में पैदल जा रही महिला के हाथ से प्लास्टिक थैली छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। थैली में 10 हजार रूपए कैश, आधार कार्ड व बैंक की कॉपी भी थी। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो तीनों आरोपियों ने मिलकर स्नेचिंग व चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्नेच व चोरी किए 7 मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

- तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

# धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सड़क पर लगा जाम



**तरावड़ी।** जीटी रोड पर पलटी धान की ट्राली व सड़क पर लगा जाम।

- ट्रॉली को क्रेन से सीधा कर धान इकट्ठा करने में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

बुधवार दोपहर तरावड़ी के पास नेशनल हाईवे-44 (दिल्ली–चंडीगढ़ मार्ग) पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब धान से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली में रखा सारा धान सड़क पर बिखर गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रॉली को सीधा करने का कार्य शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, यह ट्रॉली कुरुक्षेत्र से तरावड़ी मंडी की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

गनीमत यह रही कि ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बच गया। हादसे के बाद सड़क पर धान के दाने बिखर गए और राहगीरों ने इसे 'किसानों का पीला सोना' सड़क पर बिखरा देख दुख व्यक्त किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात को साइड से निकालकर जाम को खुलवाया। हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं।

पुलिस ने बताया कि फिलहाल ट्रॉली को क्रेन की मदद से सीधा कर लिया गया है और धान को इकट्ठा करने का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि हादसे में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*किसान संगठनों का मिला समर्थन*

# पीजीआई रोहतक के अनुबंध कर्मी करनाल में धरने पर डटे



**करनाल।** जिला सचिवालय के सामने लगातार धरने पर डटे रोहतक पीजीआईएमएस के अनुबंध कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- एचकेआरएन से जोड़े जाने की मांग, कहा– ठेकेदारी प्रथा खत्म करे सरकार

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) से जोड़े जाने की मांग को लेकर रोहतक पीजीआईएमएस के अनुबंध कर्मचारी जिला सचिवालय के सामने लगातार धरने पर डटे हुए हैं। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि त्यौहारों पर भी कर्मचारियों को फुटपाथ पर काला दिवस मनाना पड़ रहा है।

बुधवार को किसान प्रतिष्ठा मंच के राष्ट्रीय कमेटी सदस्य मुकेश खासा (मोखरा) कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे। मुकेश खासा ने कहा कि सरकार को ठेकेदारी प्रथा समाप्त करनी चाहिए और पीजीआई रोहतक में कार्यरत कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं और किसान संगठन उनके साथ हैं। एसोसिएशन के प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने बताया कि "अधिकारियों ने झूठे आश्वासन देकर हमें चंडीगढ़ जाने से रोक दिया, यहां तक कि मुख्यमंत्री से भी नहीं मिलने दिया जा रहा। पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत 1271 कर्मचारी एचकेआरएन पोर्टल से जोड़े जाने की मांग प्रमुख रूप से उठा रहे हैं। सितंबर 2021 में लागू एचकेआरएन नीति के तहत सभी कर्मचारियों को पोर्टल पर शामिल किया जाना चाहिए और जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही से कर्मचारियों की सैलरी में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। 2022 से सभी कर्मचारियों को एरियर सहित भुगतान की मांग की गई है। इस मौके पर राकेश, सुकन्या, ईश्वंती, अमित, दिलबाग, अशोक और सुनीता आदि उपस्थित रहे।

### ब्लाइंड मर्डर की वारदात का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पुलिस ने बुड़शाम गांव निवासी प्रदीप की हत्या की ब्लाइंड वारदात का पर्दाफाश कर आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान गांव हड़ताड़ी निवासी श्रवण के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि हड़ताड़ी निवासी श्रवण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांव निवासी अंकुश उर्फ बहादुर के साथ मिलकर प्रदीप की हत्या कर शव नहर में फैकने बारे स्वीकार किया है। इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी श्रवण ने पुलिस को बताया वह और गांव निवासी अंकुश उर्फ बहादुर व गांव बुड़शाम निवासी प्रदीप हर रोज एक साथ बैठकर शराब पीते थे। गत 10 सितंबर की शाम को वे तीनों प्रदीप की बाइक पर सवार होकर सिवाह नहर बाईपास स्थित शराब ठेके से शराब लेकर नहर पर गांव डाहर की और जाने वाले रास्ते पर देर रात तक शराब पीते रहे। इसी दौरान अंकुश और प्रदीप के बीच कहासुनी व मारपीट हो गई और उसने प्रदीप के हाथ पकड़ लिए और अंकुश ने परने से प्रदीप का गला दबा दिया। दोनों ने प्रदीप की हत्या कर शव व बाइक को नहर में फेंक दिया।

- बुड़शाम गांव निवासी प्रदीप की हत्या का मामला

# ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 25-26 को

- पांच राज्यों के करीब 400 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा
- विधायक जगमोहन आनंद होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल में दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 25 और 26 अक्तूबर को किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच बी-24 अकादमी में खेले जाएंगे। इसमें हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से लगभग 400 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग आयु वर्गों में एकल व युगल मुकाबले होंगे।

साथ ही कंबाइन कैटेगरी के मैच भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बी-24 अकादमी के संचालक नरेंद्र कुकरेजा और रविंद्र भाटिया ने बताया कि पांचों राज्यों के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह उत्तर भारत का एक बड़ा आयोजन साबित होगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी टूर्नामेंट के दौरान शिरकत करेंगे। करनाल विधायक जगमोहन आनंद को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट की टेक्निकल टीम में डा. पी.सी. तिवारी, विजेंद्र सिंह और मुकेश मदान शामिल हैं, जबकि आयोजन समिति में राजेश डुडेजा, केवल कृष्ण, दीपक सुखीजा, मास्टर दीपक, मास्टर राजेश कुमार, विनय कुमार, राहुल कुमार, विकास राणा, भूपिंद्र सिंह और कृष बवेजा को जिम्मेदारी दी गई है। कोच शिवम, शालू और सुमित अपनी विशेष भूमिका निभाएंगे।



**करनाल।** टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर मीटिंग करते हुए।

### आवारा कुत्तों को पकड़ने का चलाया अभियान, विष्णु कॉलोनी से 15 पकड़े

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि आवारा कुत्तों की नसबंदी एवं देखभाल का टेंडर नैन फाउंडेशन एनजीओ को दिया गया है। यह टेंडर एक साल के लिये होगा। नैन फाउंडेशन एनजीओ ने मंगलवार को न्यू कॉलोनी क्षेत्र से 10 कुत्तों को पकड़ा था, जबकि बुधवार को विष्णु कॉलोनी से 15 कुत्तों को पकड़ा गया है। संस्था ने अपना अस्थायी केंद्र विश्वास पब्लिक स्कूल, ढांड रोड में बनाया हुआ है। यहीं पर पकड़े गए कुत्तों की देखभाल की जा रही है, साथ ही उनकी नसबंदी एवं टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, एक समय में केवल एक ही क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

### 'म्हारी सड़क' एप में डिजिटल मैपिंग से सड़क की स्थिति पर होगी नजर

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश में ढांचागत विकास को नई गति देने के लिए पारदर्शिता व जनभागीदारी की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने म्हारी सडक मोबाइल एप्लीकेशन का लॉन्च की है। इस डिजिटल एप से नागरिक सड़क से संबंधित समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंच सकेंगे। यह एप नागरिक, प्रशासन और सरकार के बीच सेतु का काम करेगा। यह एप नागरिकों को सड़कों की स्थिति की जानकारी सीधे सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है। इस एप के माध्यम से नागरिक सड़कों पर गड्ढे, टूटी सड़क या सड़क पर जलभराव की समस्या की लोकेशन के साथ शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

## भगवान से अपने भाइय़ों की लम्बी आयु की कामना करती हैं बहनें

# भाई और बहन के सच्चे प्रेम का पर्व है भैया दूज : डॉ. मिश्रा

- भाई दूज पर्व को को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन पिपली कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष तथा श्रीदुर्गा देवी मन्दिर, पिपली के पीठाधीश ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हिन्दू पंचांग अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज एवं यम द्वितीया के रूप में मनाते है।

भाई दूज का यह त्यौहार विशेष रूप से भाई और बहन के मध्य स्थापित प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। राखी के बाद आने वाला यह पर दूसरा पवित्र बंधन वास्तव में केवल भाई और बहन के प्रेम का प्रतीक है।



डॉ.सुरेश मिश्रा

23 अक्तूबर, 2025, गुरुवार,स्वाति नक्षत्र ,तुला राशि , विशाखा नक्षत्र , आयुष्मान योग, बालव करण, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के लिये भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। भाई दूज को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। भाई दूज पर्व भाईयों के प्रति बहनों के श्रद्धा व विश्वास का पर्व है। इस पर्व को बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा कर मनाती है और भगवान से अपने भाइय़ों की लम्बी आयु की कामना करती है।

### भैया दूज को यम द्वितीया क्यों कहते है?

हिन्दू समाज में भाई -बहन के स्नेह व सौहार्द का प्रतीक यह पर्व दीपावली दो दिन बाद मनाया जाता है। यह दिन क्योकि यम द्वितीया भी कहलाता है, इसलिये इस पर्व पर यम देव की पूजा भी की जाती है। एक मान्यता के अनुसार इस दिन जो यम देव की उपासना करता है क उसे असमय मृत्यु का भय नहीं रहता है। हिन्दूओं के बाकी त्यौहारों कि तरह यह त्यौहार भी परम्पराओं से जुडा हुआ है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर, उपहार देकर उसकी लम्बी आयु की कामना करती है , बदले में भाई अपनी बहन कि रक्षा का वचन देता है। इस दिन भाई का अपनी बहन के घर भोजन करना विशेष रुप से शुभ होता है।

### भैया दूज की विधि

*इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती है उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए कुछ मंत्र बोलती हैं जैसे /"गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे मेरे भाई की आयु बढ़े/" इसी प्रकार कहीं इस मंत्र के साथ हथेली की पूजा की जाती है /" सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे/" इस तरह के शब्द इसलिए कहे जाते है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु काट भी ले तो यमराज के दूत भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। कहीं कहीं इस दिन बहनें भाई के सिर पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारती है और फिर हथेली में कलावा बांधती है। भाई का मुंह मीठा करने के लिए उन्हें माखन मिश्री खिलाती है। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुखा दीया जलाकर घर के बाहर रखती है। इस समय ऊपर आसमान में चील उड़ता दिखाई दे तो बहुत ही शुभ माना जाता है। इस संदर्भ में मान्यता यह है कि बहनें भाई की आयु के लिए जो दुआ मांग रही हैं उसे यमराज ने कुबूल कर लिया है या चील जाकर यमराज को बहनों का संदेश सुनाएगा। सनातन धर्म में सभी सम्बन्धों में निष्काम भाव , श्रद्धा, भक्ति और प्रेम सिखलाता है। त्रेता युग में भगवान राम जी ने सभी सम्बन्धों को अपने दिव्य गुणों और कर्तव्य निष्ठा पूर्वक निभाया तभी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नाम से सारे संसार में प्रसिद्ध हुए। सभी के जीवन में सदगुरु होना चाहिए तभी मानव जीवन सफल होता है। क्योंकि जीवित सदगुरु ही ओंकार और जीवन जीने की कला सिखलाते है। सनातन धर्म में दान, सेवा , सुमिरन,भगवान की आरती और जीव जंतुओ की सेवा अभिन्न अंग है।*

# रीना बनी कांग्रेस के अनुसूचित विभाग की राष्ट्रीय संयोजक

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री रीना वाल्मीकि को कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है। रीना वाल्मीकि ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव वेणु गोपाल, इंचार्ज केएस राजू, अनुसूचित-जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम और आरजीपीआरएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार और मीनाक्षी नटराजन का आभार जताया।

- दो प्रमुख राष्ट्रीय संगठनों में बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई

रीना ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे इस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगी और पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। इसके साथ-साथ पार्टी के साथ नए लोगों को जोड़ने का भी कार्य करेंगी। बता दें कि रीना वाल्मीकि का जन्म एक सफाई कर्मचारी परिवार में हुआ, लेकिन उन्होंने कभी अपनी पृष्ठभूमि को अपने सपनों के रास्ते में आड़े नहीं आने दिया।



उनकी मेहनत और निष्ठा का परिणाम है कि आज उन्हें कांग्रेस पार्टी के दो प्रमुख राष्ट्रीय संगठनों में बड़ी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। रीना वाल्मीकि को न केवल एआईसीसी में राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है, बल्कि उन्हें राजस्थान प्रभारी की अहम जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह कांग्रेस नेतृत्व का रीना में अटूट विश्वास और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## खबर संक्षेप

### नियमित योग और सैर करें : आचार्य

**यमुनानगर।** शहर के रूप नगर में बुधवार को दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में पहले दिन योग शिक्षक नरेंद्र आचार्य ने श्रद्धालुओं को प्राणायाम समेत विभिन्न यौगिक क्रियाएं करवाई। इस दौरान साधकों ने ध्यान साधना भी की। योग शिक्षक नरेंद्र आचार्य ने कहा कि योग वह क्रिया है जिसे करके व्यक्ति अपने शरीर को स्वस्थ रख सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रुप से योग व सैर करनी चाहिए। यदि कार्य करते समय थकान हो जाए तो चित्त लेटकर आंखें बंद करके दो मिनट श्वासन करना चाहिए इससे शरीर को एवं आखों को तुरंत आराम मिलता है। प्रतिदिन सुबह और शाम के वक्त सैर करना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए काफी लाभदायक है।

### स्वच्छ वातावरण के लिए रखें सफाई : धर्मजीत



**यमुनानगर।** नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली के तत्वावधान में गांव ससौली में चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत बुधवार को ससौली में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट धर्मजीत सिंह व सिमरत सिंह ने किया। एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने बताया कि उनके गांव में करीब पिछले पंद्रह दिन से सफाई अभियान चलाया हुआ है। वर्तमान में वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखना बेहद आवश्य है। मौके पर सरदार सिमरत सिंह ने बताया कि अभियान के तहत सभी गलियों, फिरनी, मंदिर, धर्मशाला, गुरुद्वारा, श्मशान घाट समेत सार्वजनिक स्थानों पर सफाई की गई है। इस अवसर पर नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली के महासचिव सुनील कुमार ,कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह, एडवोकेट वीरेंद्र कश्यप,चंद्र मौली,कुलविंदर, उमेश कुमार, रविंद्र कुमार , प्रदीप, अशोक त्यागी, बलजीत सिंह व धर्मवीर त्यागी आदि ने पूरा सहयोग दिया।

### बिजली कर्मियों ने पूजा कर मंगल कामना की



**रादौर।** रादौर बिजली निगम के कर्मचारियों की ओर से बुधवार को विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सभी कर्मचारियों के लिए सुख शांति की कामना की। एसएससी नितिन कांबोज, जेई राजेश कुमार, जेई धर्मपाल शर्मा व सुरजीत सिंह आदि ने बताया हर वर्ष कर्मचारी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सुरक्षा को लेकर प्रार्थना करते हैं। मौके पर एसएससी नितिन कांबोज, जेई राजेश कुमार, जेई धर्मपाल शर्मा, सुरजीत सिंह, संदीप राणा, अश्विनी शर्मा, सुखविंदर कुमार, पवन सैनी, पवन धीमान, मनीष कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र, अनिल कुमार, संदीप कुमार मौजूद थे।

## यमुना घाटों पर बनीं सैकड़ों वेदियों पर रंग-रोगन शुरू

# छठ को लेकर सजने लगे यमुना के घाट

**छठ महोत्सव : चार दिवसीय छठ महापर्व का 25 अक्तूबर से होगा शुभारंभ, तैयारियां की तेज**

- पश्चिमी यमुना नहर के तट पर बाढ़ी माजरा व हमीदा हेड पर 27 से 28 अक्तूबर को दो दिवसीय मेले का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कार्तिक माह में आयोजित छठ मैया पूजा महापर्व मनाए जाने में अब मात्र दो दिन शेष रह गए हैं। महापर्व का शुभारंभ 25 अक्तूबर को नहाय खाय से होगा, जबकि समापन 28 अक्तूबर को सुबह के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। इस महापर्व को लेकर शहर के नजदीक यमुना नदी के घाटों पर बनी छठ मां की वेदियों को श्रद्धालु रंग रोगन करके आकर्षक रूप से सजा रहे हैं। श्रद्धालु सुभाष यादव व दिनेश प्रसाद ने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर यमुना नदी के बाढ़ी माजरा पुल व हमीदा के नजदीक यमुना के घाटों पर दो दिवसीय मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष मेले का आयोजन 27 व 28 अक्तूबर को होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचकर छिपते व उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। जबकि छठ महापर्व का शुभारंभ 25 अक्तूबर के नहाय खाय से शुरू हो जाएगा।



यमुनानगर में पश्चिमी यमुना नहर पर आयोजित छठ मेले के लिए किनारे पर बनी वेदियों की साफ-सफाई करते श्रद्धालु।

### कठिन होता है छठ पूजा का व्रत

छठ माता की वेदियों को सजा रहे श्रद्धालु रमाकांत, गोपाल यादव, सुशील व राम आसरे ने बताया कि छठ पूजा का व्रत सबसे कठिन होता है। जिस प्रकार करवाचौथ व अहोई अष्टमी का त्योहार पति व पुत्र की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है इसी तरह छठ पूजा भी पति व पुत्र की लंबी आयु के लिए की जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा यह व्रत 36 घंटे रखना होता है। कार्तिक पंचमी की शाम से ही व्रत आरंभ हो जाता है। अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा आरंभ की जाती है और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है। महिलाओं को घंटों पानी में खड़े होकर पूजा करनी पड़ती है। उनका कहना है कि हालांकि छठ मैया का पर्व चार दिन का होता है जो इस बार 25 अक्तूबर को नहाय खाय से शुरू होगा, 26 अक्तूबर को खरना होगा। वहीं, 27 अक्तूबर को शाम के समय छिपते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और 28 अक्तूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न होगा।

### छठ मेले में पहुंचते हैं हजारों प्रवासी श्रद्धालु

ट्विन सिटी यमुनानगर व जगाधरी में हजारों की संख्या में बिहार, पश्चिमी बंगाल व अन्य प्रदेशों के प्रवासी लोग रहते हैं। जो छठ पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। यह सभी प्रवासी छठ मैया के पर्व पर शहर किनारे स्थित यमुना नहर के घाटों पर आयोजित मेला स्थल पर पहुंचकर छठ मैया की पूजा करते हैं और भगवान सूर्य के अर्घय देते हैं। इस बार भी मेले में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना है।

## गन्ने का मूल्य मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ किया मजाक : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि गन्ने का मूल्य मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया गया है। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। बुधवार को रादौर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जो अपने आप को किसान का बेटा कहते हैं और गन्ना बाहुल्य क्षेत्र से संबंध रखते हैं, उन्होंने गन्ने का मात्र 15 रुपये बढ़ाकर किसानों के साथ भद्दा मजाक किया है।

गन्ने की लागत जिसमें खाद, दवाइयां, गन्ना बंधाई, रखरखाव व गन्ना छिलाई की लेबर जो हर वर्ष 20 रुपये बढ़ा देती है। कम से कम 500 रुपये गन्ने का रेट हो तब किसान इस लागत को पूरी कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों से किसानों के साथ गन्ने के रेट को लेकर मजाक किया जा रहा है।



रादौर में पत्रकारों से बातचीत करते भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर व अन्य।

### किसान को पोर्टल में ही उलझा दिया

उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है पानी की कमी है। किसान धान की फसल न लगाएं। धान का विकल्प है गन्ना और अगर गन्ने का रेट किसान को लागत के अनुसार न मिले तो किसान कहां जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों से किसानों को खाद भी प्रसाद के तौर पर दो-दो कट्टे या पांच-पांच कट्टे मिलते हैं, और जो मिलते हैं, वह भी समय पर नहीं मिलते। 2022 में किसान की आमदनी को दोगुना करने वाले लोग आज झूठा प्रचार कर रहे हैं। किसान नेता ने आरोप लगाया कि सरकार राइस मिलर्स व बड़े व्यापारियों से मिलकर किसान की धान को ओने-पौने दामों में खरीद रहे हैं। नमी बताकर किसान की धान को लूटा जा रहा है। किसान को पोर्टल में ही उलझा दिया है। सरकार की मंशा किसान के प्रति ठीक नहीं है। सरकार चाहती है कि किसान कॉरपोरेट घरानों के यहां मजदूरी करें और किसानों की जमीने बड़ी-बड़ी कंपनियों से मिलकर कैसे छीनी जाये। उन्होंने कहा कि गन्ने के रेट को लेकर जल्दी ही संगठन की एक बैठक होगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रतनमान व प्रदेश स्तरीय नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही किसानो का शिष्टमंडल कृषि मंत्री से मिलेगा ताकि किसान के गन्ने की सही तुलाई हो। मौके पर जिला प्रवक्ता दलबीर कैल, यादविंदर कांबोज, अरविन कांबोज, पवन गोयल, महेंद्र आदि मौजूद थे।

## तीन कॉमर्शियल गाड़ियों के 12 टायर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- गांव हवेली के पास खड़ी थी गाड़ियां, चोरी हुए टायरों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये

चोरों ने साढौरा थाना क्षेत्र के गांव हवेली के पास खड़ी तीन कॉमर्शियल गाड़ियों के 12 टायर चोरी कर लिए। आरोपियों ने यह वारदात रात एक बजे से तीन बजे के बीच में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कालाआम हिमाचल प्रदेश निवासी चरण सिंह ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास अपनी कॉमर्शियल गाड़ियां हैं। जिसमें वह किराए का काम करता है। 21 अक्टूबर को उसने अपनी गाड़ियों को गांव हवेली के पास खड़ी की थी।

इस दौरान रात को करीब एक बजे से तीन बजे के बीच चोरों ने तीनों गाड़ियों के 12 टायर चोरी कर लिए। जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। गाड़ियों के चालक व परिचालक जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें गाड़ी से टायर गायब मिले। उन्होंने उसे चोरी की सूचना दी। उसने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अन्नकूट व विश्वकर्मा जयंती पर लगे भंडारे

## श्री शिव मंदिर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



यमुनानगर के श्री शिव मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अन्नकूट व विश्वकर्मा जयंती पर्व के मौके पर बुधवार को शहर के श्री शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर मंदिर के पुजारी ने भोलेनाथ को प्रसाद का भोग लगाया। श्रद्धालु विवेक शर्मा, विजय पाल व रवि गौतम ने बताया कि हर साल मंदिर कमेटी द्वारा अन्नकूट पर्व व विश्वकर्मा जयंती के मौके पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व भगवान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की जाती है। भगवान को भोग लगाने के बाद दोपहर 12 बजे भंडारा शुरू हुआ। जो कि प्रभु इच्छा तक जारी रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं को कढ़ी-चावल, खिचड़ी, खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया अन्नकूट महापर्व

**यमुनानगर।** गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व बुधवार शाम को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। शाम के वक्त लोगों ने अपने-अपने घरों में गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। हालांकि इस बार कुछ लोगों ने एक दिन पहले मंगलवार देर शाम भी गोवर्धन पूजा की है। मगर अधिकांश लोगों ने बुधवार को ही गोवर्धन पूजा कर पर्व मनाया।

-गोबर के उपलों से बनाया गोवर्धन पर्वत

गोवर्धन पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं ने शनिवार को गाय के गोबर से उपले बनाकर गोवर्धन पर्वत बनाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत को फूलों से सजाकर पूजा अर्चना की। प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम दास शर्मा ने बताया कि इंद्र के घमंड को चूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को तर्जनी पर सात दिन तक उठाए रखा था। उसके बाद ग्वाल बाल की तरफ से भगवान श्री कृष्ण के लिए 56 भोग का आयोजन करवाया गया। तब से अन्नकूट का दिवस मनाया जाता है। मान्यता है कि इस पर्व पर गोवर्धन की पूजा करने से परिवार में सुख शांति का वास होता है और भगवान श्रीकृष्ण की अटूट कृपा प्राप्त होती है।



यमुनानगर में गोवर्धन की पूजा करते श्रद्धालु।



यमुनानगर में मयंक बुटिक पर विश्वकर्मा भगवान की पूजा करते श्रद्धालु।

### दुकानों व फैक्ट्रियों में श्रद्धाभाव से मनाई विश्वकर्मा जयंती

**यमुनानगर।** जिले भर में बुधवार को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। दुकानदारों व फैक्टरी संचालकों ने पूरा दिन फैक्ट्ररी व दुकानों पर कामकाज बंद रखा । लोगों ने मशीनों तथा औजारों की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा जयंती पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। शहर के मशहूर मयंक फैशन डिजाइनर संस्थान में बुधवार सुबह सबसे पहले हवन-यज्ञ कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर संस्थान के प्रबंधक अमित सैनी ने जिलेवासियों को विश्वकर्मा पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान के बिट्टू, विशाल, निशा, प्रियांक व टिटू आदि ने पूजा अर्चना की। इसके अलावा लोगों ने अपनी फैक्ट्रियों व कर्मशालाओं में हवन यज्ञ कर पूर्ण आहुति डाली गई। वहीं, शहर के सहारनपुर मार्ग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जी महाराज का हवन यज्ञ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। वहीं, श्री विश्वकर्मा सभा द्वारा इंदिरा कॉलोनी जगाधरी में विश्वकर्मा जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। शहर स्थित अवनी बुटिक समेत दो दर्जन से अधिक सिलाई केंद्रों में बुधवार को सुबह हवन-यज्ञ किया गया व मशीनों की पूजा अर्चना की गई। मौके पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अवनी बुटिक के प्रबंधक विक्की, अवनी, कमल व रिंकू आदि ने पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद लिया।

**पड़ोसी युवकों पर कार्रवाई की मांग**

## छेड़छाड़ के दो मामलों में एसपी से मिले ग्रामीण

- शहर के पुराना हमीदा क्षेत्र के छेड़छाड़ के दो मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के परिजनों ने लगाए आरोप
- 17 वर्षीय नाबालिग को घर में अकेला पाकर छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के पुराना हमीदा क्षेत्र के छेड़छाड़ के दो मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से परेशान परिजन बुधवार को पुलिस अधीक्षक से उनके निवासी स्थान पर मिले। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ितों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में हमीदा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी किशोरी की मां ने बताया कि दिवाली की शाम को वह पति के साथ बाजार गई थी तब उसकी 17 साल की बेटी घर पर अकेली थी। इसी बीच पड़ोस का युवक छत पर चढ़ा और उसकी बेटी से अश्लील बाते करने लगा। एतराज करने पर छत से पटाखा सुलगा कर घर में फेंक दिया। इससे डरकर बेटी अंदर भागी तो आरोपी युवक छत से कूदकर घर में घुस गया।

आरोप है कि युवक ने उनकी बेटी को पकड़कर अश्लील हरकतें की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी और घर में रखे 10 हजार रुपये लेकर भाग गया। कुछ देर बाद जब वह बाजार से लौटे तो बेटी ने उन्हें घटना की जानकारी दी। उसने इसकी शिकायत हमीदा पुलिस चौकी में दी लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इस वजह से एसपी के पेश हुए।

### अश्लील वीडियो बनाने व मारपीट का आरोप

हमीदा क्षेत्र की महिला ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है और वह अपने चार बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही है। उसके पड़ोस में रहने वाला युवक आए दिन उसे परेशान करता है। वह कई बार उसके घर के पीछे लगे बाथरूम की दीवार पर चढ़कर झांकता है और नहाते हुए उसका वीडियो बनाता है। इस बारे में उसने हमीदा पुलिस चौकी में शिकायत भी दी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान आरोपी उसके बच्चों के साथ मारपीट भी करता है। 20 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे आरोपी अपने साथियों के साथ उनके घर में जबरन घुस आया और उसके बेटों अमन, कमल, पारस और कृष के साथ मारपीट की। आरोप है कि उसने चारों बेटों को जान से मारने की धमकी दी। हाथापाई के दौरान आरोपी ने उसके बेटे अमन का मोबाइल और थैला भी छीन लिया। जिसमें उसकी चार माह की सैलरी के 48 हजार रुपये रखे हुए थे। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने किया आह्वान**

# किरायेदार व नौकरों की वेरीफिकेशन करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में घरों में रहने वाले किरायेदार व नौकरों की वेरीफिकेशन नहीं करवाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रूख अपनाने का मन बना लिया है। यही कारण है कि पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर किरायेदार व नौकरों की वेरीफिकेशन न करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि किरायेदार व नौकरों का नजदीकी थाने में वेरीफिकेशन करवाने से अपराध पर अंकुश लगेगा।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए घरों में बाहर से आए हुए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरीफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। क्योंकि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते हैं फिर उनका रिकॉर्ड न तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है। इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें।



- पत्रकारों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

### स्थानीय नौकरों का भी आधार कार्ड लें

पुलिस अधीक्षक नें कहा कि पुलिस द्वारा किरायेदारों व नौकरों की वेरीफिकेशन हेतु समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता रहा है। अभियान के तहत जितना जल्दी संभव हो अपनें किरायेदारों व नौकरों का पुलिस वेरीफिकेशन करा लें। उन्होंने कहा कि वेरीफिकेशन करवाने से यह पता चल जाएगा कि किरायेदार अथवा नौकर किसी आपराधिक मामले का आरोपी यहां किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति तो नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, औद्योगिक संस्थान, फैक्ट्रियां, ढाबा, रेस्टोरेंट व ठेकेदारों के पास जितने भी बाहरी राज्यों के कर्मचारी हैं, उनकी पुलिस वेरीफिकेशन करवा कर ही काम पर रखें। इसका रिकॉर्ड संबंधित थाना चौकी में भी जमा करवाएं। जो लोकल लोग काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी मालिक के पास होना चाहिए। जिस भी मालिक ने इस कार्य में कोताही बरती उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कैंपस प्लेसमेंट में 32 विद्यार्थियों का चयन

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में इन्फोसिस के बीटेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग कार्यक्रम से हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में इन्फोसिस के बीटेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग कार्यक्रम से 32 छात्राओं का चयन किया गया। इनमें से 25 जेएमआईटी व 7 जेएमआईईटी से एक कठोर ऑन कैंपस भर्ती प्रक्रिया के बाद हुआ है। इसमें योग्यता परीक्षण, तकनीकी मूल्यांकन, कोडिंग राउंड व मानव संसाधन साक्षात्कार शामिल थे।

संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने छात्रों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि संस्थान छात्रों को सफल इंजीनियर, प्रबंधक, टेक्नोक्रेट बनने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करता है। चयनित विद्यार्थियों ने कहा कि व्यक्तित्व विकास गतिविधियों, तकनीकी अनुभव आधारित प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों में भागीदारी तथा संस्थान द्वारा आयोजित पूर्व छात्रों के साथ संवाद, क्लब गतिविधियों में भागीदारी उनके पेशेवर विकास व अच्छी नौकरी पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा संस्थान द्वारा आईसीटी अकादमी वर इंफोसिस से प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई थी।



यमुनानगर के जेएमआईटी कॉलेज में खुशी मनाते चयनित विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली महोत्सव की धूम

**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में दिवाली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भारतीय संस्कृति की झलक के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता और हनुमान जी की वेशभूषा धारण कर रामायण पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की, और कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तैयार की गई रंगोली, सुंदर चित्रकारी, संस्कृत कार्यक्रम और पंजाबी डांस ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को रंगीन और भावनात्मक बना दिया। जिसे देखकर उपस्थित सभी अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती पूनम काहड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिवाली केवल एक त्यौहार नहीं, बल्कि यह हिंदू सभ्यता, भारतीय संस्कृति और अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक पर्व है।

### छात्र संख्या में आए अंतर का विवरण सीबीआई ने मांगा

**जींद।** जींद जिले के 2014-15 सत्र में छात्र संख्या में आए अंतर का विवरण सीबीआई ने मांगा है। पत्र के अनुसार स्कूलों को रिकार्ड के साथ 22 अक्टूबर को चंडीगढ़ कार्यालय में बुलाया गया है। इसमें जिले के पांच स्कूल शामिल हैं। रिपोर्ट में स्कूल संचालकों को 30 सितंबर 2014 से 30 सितंबर 2015 की अवधि के दौरान स्कूल छोडऩे वाले छात्रों की संख्या, नए प्रवेश और उत्तीर्ण होने वाले छात्रों कक्षा पांच या कक्षा आठ के छात्र उच्च शिक्षा के लिए दूसरे स्कूल में जाने वाले को दर्शाते छात्रों का एक महीने का विवरण मांगा गया है।

### महिला से अश्लील हरकत करने पर मामला दर्ज

**जींद।** महिला को अशील इशारे करने तथा विरोध करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश पुराना बस अड्डे की तरफ गई हुई थी। उसी दौरान हरीश ने उसकी तरफ अशील इशारे किए और अशील फब्तियां कसी।

### निडाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बालिका अधिकार सप्ताह के अवसर पर जिले के गांव निडाना में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में कहा कि एसिड अटैक की शिकार बेटियों के लिए स्कूल, कॉलेजों में एडमिशन और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। बताया कि अब पीड़िताओं को न केवल शिक्षा में बल्कि नौकरियों और पदोन्नति में भी कोटा मिलता है मगर जागरुकता के अभाव में बेटियां लाभ नही उठा पा रही हैं।

## भगवान विश्वकर्मा ने सामाजिक एकता और समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत रखने का दिखाया मार्ग : सुभाष सुधा

# जिले में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती व गोवर्धन पूजा

**समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिकों और होनहारों को किया सम्मानित, भगवान विश्वकर्मा ने भी लोगों को एकजुट होकर रहने का संदेश दिया**

**पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सभा को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे पहले सुभाष सुधा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती समारोह सामाजिक एकता और समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करता है। इसके साथ ही सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए अहम भूमिका निभाता है। भगवान विश्वकर्मा ने भी लोगों को एकजुट होकर रहने का संदेश दिया है। हमें उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और सम्मान के लिए आयोजित किया जाता है, जो सृष्टि के रचयिता और शिल्पकारों के देवता माने जाते हैं। हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा बुधवार को धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा द्वारा रेलवे रोड पर आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में बोल रहे थे। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सभा को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले सुभाष सुधा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिकों और होनहारों को सम्मानित भी किया गया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यह पर्व शिल्पकारों, इंजीनियरों और तकनीशियनों के सम्मान में आयोजित किया जाता है। सृष्टि के निर्माण में भगवान विश्वकर्मा का अहम योगदान रहा है। भगवान विश्वकर्मा के दिखाएं मार्ग के महत्व और शिल्पकारों के योगदान के बारे में जागरूक करने का एक मौका है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रत्येक घर को छोटे से बड़े काम के लिए इंजीनियरिंग शिल्पकारों और टेक्निशियनों की जरूरत है। इनके बिना रोजमर्रा के कामों को पूरा करना संभव नहीं है। इस जयंती समारोह के शुभ अवसर पर समाजहित में रक्तदान शिविरका भी आयोजन किया गया, जिसे डॉ. प्रदीप धीमान, शांति नारायण एनजीओ एवं पार्थ ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 70 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि मलकीत ढांडा ने अपने संबोधन में तकनीकी शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नई तकनीकी दिशा में आगे बढ़ाना ही सच्चा समाज निर्माण है।



**कुरुक्षेत्र।** होनहारों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### कुष्ठ आश्रम में मनाया विश्वकर्मा दिवस



**कुरुक्षेत्र।** गांव डोडा खेड़ी स्थित श्रीराम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वहां रहने वाले परिवारों के संग विश्वकर्मा दिवस व गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाया गया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को सृष्टि के अद्वितीय सृजनकर्ता एवं दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा के पावन दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान श्रीविश्वकर्मा से प्रार्थना करते है कि वे सभी को उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि, नवसृजन की प्रेरणा और सफलता का आशीर्वाद प्रदान करें वह भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। सेवा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह संगठन सचिव दिलबाग सिंह ने गोवर्धन पूजा के पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह पर्व हमें श्रीकृष्ण भगवान के उस संदेश की याद दिलाता है कि प्रकृति और गौ सेवा ही सच्ची भक्ति है। सेवा ट्रस्ट द्वारा अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें जूस, डाबर ग्लुकोज डी, टूथपेस्ट, टूथब्रश, नारियल तेल, शैम्पू, खांसी से बचाव के लिए डाबर हनी टस आदि समान दिया गया। उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है समय-समय पर इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं।

### हरिओम मंदिर में लगाया अन्नकूट का भंडारा



**कुरुक्षेत्र।** भंडारे से पूर्व भगवान जी को भोग लगाते समिति के पदाधिकारीगण।

**कुरुक्षेत्र।** हरिओम मंदिर एवं शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा द्वारा शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में बुधवार को अन्नकूट प्रसाद का भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री नगर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। ।दिर के पुजारी अरुण मिश्रा ने श्रद्धालुओं को बताया कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने के वाले भक्तों के संकट भगवान क्षण में दूर कर देते है, जिस प्रकार संकट के समय भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी मात्र एक अंगुली पर उठाकर अपने भक्तों की रक्षा की थी। अरुण मिश्रा ने बताया कि परंपरा के अनुसार गोकुल में जब इन्द्र देवता ने घमंड में आकर अपना भोग लगाने पर मूसलाधार बरसात शुरू कर दी जिस पर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर गोकुल वासियों की बरसात से रक्षा की। उसी दिन से भगवान श्रीकृष्ण के निमित विशाल अन्नकूट बनना शुरू हो गया और तभी से यह परंपरा चली रही है कि दीवाली से अगले दिन गोवर्धन की पूजा से पूर्व अन्नकूट बनाया जाता है जिसमें सभी भक्तों द्वारा दिए गए अन्न दान कर भंडारे का आयोजन किया जाता है। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि भंडारे जैसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे एकता को बढ़ावा मिलता है।

### रक्तदान कर मनाया विश्वकर्मा दिवस

**कुरुक्षेत्र।** भगवान श्रीविश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में दुखभंजन मार्किट कुरुक्षेत्र व महादेव ब्लड सेवा कुरुक्षेत्र के सभी सदस्यों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा का पूजन करके उसके बाद सभी ने रक्तदान कर विश्वकर्मा दिवस को मनाया। दुखभंजन मार्किट कुरुक्षेत्र के सदस्य व महादेव ब्लड सेवा कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष हरविंदर सिंह ने बताया कि भारत का एक पारंपरिक समुदाय है जो पारंपरिक रूप से कारीगरी और शिल्प से जुड़ा हुआ है, जिसमें बढ़ई, लोहार, स्वर्णकार, मोटर विज्ञानिक, और राजमिस्त्री आदि अनेक व्यवसायों के लोग शामिल हैं। यह समुदाय देवताओं के वास्तुकार माने जाने वाले विश्वकर्मा को अपना आराध्य देवता मानते हैं। दुखभंजन मार्किट कुरुक्षेत्र के सदस्य मनीष कुमार ने बताया रक्तदान करने से शरीर से बीमारियां दूर होती है।



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।



## भक्तों को लंगर का प्रसाद वितरित किया

*शाहबाद। नगर के सभी मंदिरों में गोवर्धन पूजा की गई। उसके बाद सभी मंदिरों में अंकूट का प्रसाद भगवान को लगाया गया। वही आज विश्वकर्मा जी के मंदिर में भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की गई और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जहां भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि शिरकत की। सुभाष कलसाना ने भगवान विश्वकर्मा के बारे में बताया। इस मौके पर सभी हस्त कारीगर मौजूद रहे। बाद में मंदिर सभा की ओर से सुभाष कलसाना को सम्मानित किया गया और अंत में भगवान विश्वकर्मा को प्रसाद लगाया गया और आए हुए सभी भक्तों को लंगर का प्रसाद वितरित किया गया।*

## कुरुक्षेत्र इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने लगाया अन्नकूट भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरूक्षेत्र गोवर्धन पूजा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरुक्षेत्र इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सेक्टर 2 की ओर से विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सेक्टर 2 में स्थापित सभी इंडस्ट्रीज के संचालकों, कर्मचारियों के अलावा शहर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं शहर के असंख्य गणमान्य लोगों ने शिरकत करते हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में श्रद्धालुओं को कड़ी, चावल, देसी घी का हलवा, पूड़ी, खिचड़ी, तवे की रोटी, सलाद आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस भंडारे में 4 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### ये रहे मौजूद

भंडारे में एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गुप्ता, उपप्रधान राजेंद्र शर्मा, राजन गुप्ता, सतीश ललित, सुमित परूथी, दीपक बंसल, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन अमित सैनी पौंकी, अरुण गुप्ता, रिपुदमन कालड़ा, बिंदु सिंह, राजीव मेहता, संदीप कोहली, वीधू सिंगला, डॉक्टर हरिचरण बंसल, भूषण लाल गोयल, ओम प्रकाश सिंगला, देसराज धीमान, हुकम सिंह राणा, संजीव राणा, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के निवर्तमान प्रधान सत्प्रकाश गुप्ता, पूर्व कार्यकारी प्रधान सुशील सिंगला काका, मोहिंदर सिंगला, गोपाल पाली, विकास गर्ग, सौरभ चौधरी, चरणजीत गाबा, विपिन अग्रवाल बल्लू, धीरज गुलाटी, अमित गुलाटी, प्रवीण ग्रोवर, ज्ञान चंद गर्ग, रवि अग्रवाल, भूषण बंसल, विजय बजाज, डॉक्टर मुनीश गोयल, डॉक्टर ऋषिपाल गोयल, डॉक्टर पवन गोयल, डॉक्टर मोनिका, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार गुप्ता, विवेक मेहता विक्की, बार एसोसिएशन के प्रधान धर्मेंद्र अत्रि, सुरेंद्र सीकरी बॉबी, विनय सीकरी आदि मौजूद रहे।

### जयराम विद्यापीठ में लगाया भंडारा



**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ में भंडारे के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**कुरुक्षेत्र।** दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट भंडारे का विशेष महत्व है। देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ के अन्नपूर्णा हाल में आस्था और श्रद्धा से अन्नकूट पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रीजयराम संस्थाओं के संतों, ब्रह्मचारियों एवं विद्यापीठ के ट्रस्टियों द्वारा विधिवत पूजन के उपरांत भंडारा प्रारम्भ किया गया। मान्यता है कि गोवर्धन पर्वत उठा कर भगवान कृष्ण ने जिस प्रकार रक्षा की थी। उसी प्रकार भगवान अपने भक्तों की भी रक्षा करते हैं। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ट्रस्टियों ने आस्था के साथ भंडारे में प्रसाद वितरित किया और उसके बाद स्वयं भी ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, वरिष्ठ प्राध्यापक डाइट जसविंदर, विद्याधन, अमरनाथ, अनिल गर्ग, महिंद्र कुमार, श्रवण गुप्ता, केके कौशिक, राजेंद्र सिंघल, कुलवंत सैनी, सुरेंद्र गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, खरैती लाल सिंगला, अशोक गर्ग, राजेश सिंगला, टेक सिंह, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक, यशपाल, राजेश शर्म आदि रहे।

## श्रीश्याम भव्य जन्मोत्सव एवं अमृतमय भंडारा 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी के विख्यात श्रीखाटू धाम मंदिर में वार्षिकोत्सव दीदार सांवरे का का आयोजन 23 से 25 अक्तूबर तक होगा। इस भव्य आयोजन को लेकर श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति, कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को हुई जिसमें तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम में मंदिर से जुड़े सैंकड़ों कार्यकतार्ओं और श्रद्धालुओं की जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गई हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य पुजारी आचार्य शंभू प्रसाद, प्रधान सुभाष सुखीजा और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि खाटू श्याम धाम में 25 अक्तूबर को तीन दिवसीय भव्य श्याम जन्मोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में वृंदावन धाम के श्रीराजेंद्र दास देवाचार्य महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज, गुरु ब्रह्मानंद आश्रम से साध्वी दर्शना देवी और पुरानी सब्जी मंडी थानेसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी नरेश कौशिक का पावन सान्निध्य रहेगा। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मुख्यातिथि होंगे जबकि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव सीकरी मित्तल और उद्योगपति अंकुश गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहेंगे। वहीं, समस्तिपुर से रेशमी शर्मा, जयपुर से संजय पारीख, सोनीपत से श्री भगवान दीक्षित और अंश दीक्षित बाबा श्याम का गुणगान करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** श्रीश्याम भव्य जन्मोत्सव एवं अमृतमयी भंडारा की जानकारी देते आचार्य शंभू प्रसाद व अन्य पदाधिकारी।

### श्याम जन्मोत्सव का शुभारंभ 23 अक्तूबर होगा

तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव का शुभारंभ वीरवार 23 अक्तूबर सांय 4 बजे श्याम डांडिया महोत्सव से शुरू होगा और इसी दिन सांय 6 बजे श्याम नाम की मेंहदी लगेगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार 24 अक्तूबर को सुबह 10 बजे खाटू श्याम मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी जोकि नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापिस मंदिर पहुंचेगी। जगह जगह इस निशान यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान सुभाष सुखीजा, उप प्रधान एलडी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, अशोक अरोड़ा, सुरेन्द्र काठपाल, ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा, सतीश कारसा, लवकेश शर्मा आदि रहे।

## सैनी के नेतृत्व में पिहोवा में विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पिहोवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी पं. जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी का परिणाम है कि आज पिहोवा हलका विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के समन्वय से यहाँ हर वर्ग को लाभ पहुँचाने वाले कार्य हो रहे हैं। डी.डी. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक वर्ष में पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में 123 रुपये करोड़ से अधिक की राशि के विकास कार्य स्वीकृत और प्रगति पर हैं, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इन योजनाओं ने खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, नगर निकाय, स्वच्छता और सार्वजनिक सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाया है।



### स्टेडियम की आधारशिला रखी

खेल और युवा सशक्तिकरण में नया अध्याय वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए 32 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक स्पोट्र्स स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है, जो युवाओं के लिए खेल और फिटनेस का नया केंद्र बनेगा। साथ ही, गांव-गांव में व्यायामशालाएं (जिम) स्थापित की जा रही हैं ताकि युवा स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। शिक्षा में सुधार और नई पहलें शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल अपग्रेडेशन योजनाओं के तहत आधुनिक कक्षाओं और संसाधनों का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विकास रैली के दौरान विद्यालयों और महाविद्यालयों के लिए विशेष 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई।

## गन्ने के दामों में मामूली बढ़ोतरी किसानों के साथ भद्दा मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भाजपा सरकार किसानों ओर खेती को बर्बाद करने पर तुली हुई है। भाषणबाजी और चुनावी वायदों से किसानों की आय दुगनी नहीं की जा सकती। भाजपा सरकार ने दिवापली पर्व पर किसानों के साथ भद्दा मजाक करने का काम किया है उपरोक्त जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने भाजपा सरकार के द्वारा गन्ने के दामों में 15 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर तंज कसते हुए प्रेस वार्ता के दौरान कहे । कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कांग्रेस शासन किसानों के लिए सबसे अच्छा शासन रहा प्रदेश में कांग्रेस के 10 वर्षों के कार्यकाल में किसानों के हित में फैसले लिए गए। वर्ष 2004 से 2014 तक गन्ने का रेट 117 रुपए से लेकर 310 रुपए प्रति क्विंटल हो गया यानि 193 रुपए की बढ़ोतरी करने का काम कांग्रेस ने किया। डीएपी खाद किसानों को 400 रूपए में आसानी से उपलब्ध करवाया जाता था। वहीं भाजपा के 11 वर्षों में 310 रुपए से अब तक 408 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का दाम हुआ है जोकि केवल 98 रुपए रुपए की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन भाजपा सरकार इसे भी किसानों को दीपावली का तोहफा बताकर उनसे मजाक करने में लगी हुई है।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह।

**31 अक्तूबर से 25 नवम्बर तक पूरे देश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय पदयात्राएं निकलेंगी**

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होंगे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल ने आज भाजपा कार्यालय में माय भारत द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के लौहपुरुष, भारत के एकीकरण के शिल्पकार, सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में "राष्ट्रीय एकता दिवस" से जुड़ी भव्य और जनसहभागिता से ओत-प्रोत श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांसद नवीन जिन्दल ने सर्वप्रथम उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों और जनता को सभी त्योहारों की शुभकामनाएं देने के बाद कहा कि यह अवसर न केवल सरदार पटेल जी को नमन करने का है, बल्कि उनकी एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का भी है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी ने आज़ादी के बाद रियासतों के एकीकरण के माध्यम से अखंड भारत के निर्माण में जो योगदान दिया, वह अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि 31 अक्तूबर 2025 से 25 नवम्बर 2025 तक पूरे देश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय पदयात्राएं जोकि 7 से 10 किलोमीटर की होंगी, आयोजित की जाएंगी। इन पदयात्राओं में देश की युवा शक्ति अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगी।



**अभियानों का नेतृत्व जिला प्रशासन करेगा**

सांसद नवीन जिन्दल ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में इन पदयात्राओं के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेले तथा नशा मुक्ति अभियान भी समानांतर रूप से चलाए जाएंगे। इन अभियानों का नेतृत्व जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। सांसद नवीन जिन्दल ने यह भी बताया कि प्रत्येक जिले से चयनित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की 10 दिवसीय पदयात्रा (26 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2025) में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा, जो सरदार पटेल जी की जन्मभूमि करमसद से प्रारंभ होकर 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी', केवडिया (गुजरात) पर समाप्त होगी।

**स्मृति से संकल्प तक**

### युवाओं में सरदार पटेल के विचारों का संचार

सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले यह कार्यक्रम केवल एक स्मृति कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के लिए सरदार पटेल के विचारों को जीवन में उतारने का माध्यम है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायतीराज प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। अंत में सांसद नवीन जिन्दल ने अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं से "सांसद खेल महोत्सव" के सफल आयोजन में सहयोग की भी अपील की। इस अवसर पर धर्मवीर मिर्जापुर चेयरमैन पशुधन बोर्ड, कंवलजीत कौर चेयरपर्सन जिला परिषद, माय भारत कुरुक्षेत्र की डिप्टी डायरेक्टर सुरमई शर्मा, समाजसेवी सुभाष कलसाना, राजकुमार सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष, धर्मवीर डागर चेयरमैन, रवींद्र सांगवान,जिला मीडिया प्रमुख ललित माटा ,जिला प्रवक्ता हैप्पी विर्क,जिला महामंत्री रमेश सैनी, अर्जुन त्यागी, अंकुश गोयल, देवी दयाल शर्मा, विनोद गर्ग सदस्य लोक कष्ट निवारण समिति और सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## परिवार के साथ दीवाली व गोवर्धन पूजा कर मां व ताऊ का लिया आशीर्वाद

# पैतृक गांव मिर्जापुर पहुंचे सीएम ग्रामीणों ने फूलों की बरसात की



गांव आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सैनी पर फूलों की बरसात करते ग्रामीण व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

■ सभी को दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देर शाम अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। उनके गांव आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने फूलों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांववासियों व अन्य लोगों को शुभकामनाएं देते कहा कि दीपावली का पर्व खुशियों और प्रकाश का प्रतीक है। यह हमें एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने सभी को दीपावली, भगवान विश्वकर्मा दिवस तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गांव पहुंचने पर छोटे-छोटे नन्हे बच्चों ने मुख्यमंत्री के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्यार व आशीर्वाद देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी माता कुलवंत कौर एवं ताऊ तेजा राम सैनी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी (उपाध्यक्ष हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद), पुत्र अनिकेत सैनी, पुत्री वंशिका सैनी, भाई चंदन सैनी, भतीजे हनीश सैनी, रसम सैनी एवं अन्य परिजनों के साथ घर पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, भाई नंबरदार सुरेश पाल सैनी, भगत रघुवीर सैनी, विकास सैनी व गौरव सैनी सहित परिवार के अन्य सदस्य तथा भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी तथा अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हेलीकॉप्टर राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बने हेलीपैड पर उतरा था। वहां उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रशासनिक अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने भी सीएम का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में कार्यक्रम को किया संबोधित

# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता धरती को बनाया इंसान के लायक

मंत्री विज बोले-जब कोई शिल्पकारी करता है तो उसके अंदर विश्वकर्मा काम करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ विश्वकर्मा दिवस साल में दो बार मनाया जाता है।

मंत्री अनिल विज ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता हैं। भगवान विश्वकर्मा ने ही मनुष्य के रहने के लायक धरती का निर्माण किया है। इससे पहले, धरती पर खाई, तूफान, जंगल, पेड़-पौधे होते थे। भगवान विश्वकर्मा ने ही सृष्टि की रचना करते हुए इसे मनुष्य के रहने के लायक बनाया क्योंकि वह सर्वव्यापी है, वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है। ऊर्जा मंत्री बुधवार को अंबाला छावनी के रामबाग रोड पर भगवान विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरू विश्वकर्मा मदिर लेबर यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मंदिर में माथा टेककर भगवान विश्वकर्मा का आर्शीवाद प्राप्त किया। विज ने मौके पर भगवान विश्वकर्मा दिवस बधाई देते कहा कि आज हम विश्व के सबसे बड़े शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा दिवस मनाने के लिए यहा एकत्रित हुए हैं। विश्वकर्मा दिवस साल में दो बार मनाया जाता है। एक बार सितंबर में तथा दूसरा दीपावली के अगले दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सारे देश के शिल्पकार विश्वकर्मा दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। इस दिन वह अपने औजारों की पूजा भी करते हैं। ये जो सारा ब्रहंड है, चल-अचल संपत्ति है और स्वर्ग का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया था। क्योंकि वे सर्वव्यापी है। वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को बनाया है। किसी चीज को बनाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है जिनमें सबसे पहली जगह होना, दूसरा रॉ मैटेरियल होना और तीसरा बनाने वाली शक्ति चाहिए। मनुष्य की हर चीज आवश्यकता जैसे घर, सड़क, स्कूल कॉलेज व अन्य को हम बनाते हैं उस पर हमारे बोर्ड लग जाते हैं लेकिन वास्तव में यह सब चीजें विश्वकर्मा द्वारा बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से ही प्रेरणा लेकर हम इन सब कार्यों को करवाते हैं। विश्वकर्मा द्वारा बहुत सुन्दर चीजें एवं कृतियां बनाई गई है। हम हैरान होते हैं कि कारीगरों ने सुंदर प्रतिमाएं कैसे बनाई, मगर इनके पीछे भी भगवान विश्वकर्मा होते हैं। कोई मनुष्य जब भी कोई काम करता है शिल्पकारी करता है तो वास्तव में उनके अंदर का विश्वकर्मा काम करता है। अंबाला छावनी में भी शिल्पकारों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, भगत सिंह व अन्य की प्रतिमाएं हैं। इतनी सुन्दर चीजें बनाई गई है वह सब विश्वकर्मा की देन है। श्रीमद्भागवद् गीता में भी कहा गया है कि काम कर काम कर, कर्म का आधार ही गीता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी।





अंबाला। भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेते मंत्री अनिल विज व मौजूद लोग।

फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान श्री गुरू विश्वकर्मा मंदिर लेबर यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिह्न व शॉल भेंटकर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। इस दौरान लेबर यूनियन के प्रधान राजीव पंचाल, महासचिव मेहर सिंह सैनी, रणधीर पंचाल, अशोक, सुबेदार सतीश कुमार, कैप्टन प्रताप भीमरा, नप उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विजेंद्र चौहान, बीएस बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल, दीपक भसीन, इकबाल ढांडा भी मौजूद रहे।

### सान्या को किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गोहाना स्थित रूखी गांव की रहने वाली सान्या पंचाल को भी स्मृति चिह्न भेंटकर प्रोत्साहित किया। बता दें कि सान्या पंचाल ने 98 दिन में जम्मू कश्मीर से कन्या कुमारी तक लगभग 4 हजार किलोमीटर मैराथन की है। मैराथन के दौरान अंबाला आगमन पर सान्या पंचाल ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर आशीर्वाद भी लिया था। परिजनों ने मंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद किया।

## विश्वकर्मा दिवस पर हवन में दी आहुतियां गणमान्य व्यक्तियों को किया सम्मानित

■ भजन कीर्तन से विश्वकर्मा की स्तुति की

**नारायणगढ़।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में प्रधान अरविंद धीमान की अध्यक्षता में भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनिल धीमान ने बतौर यजमान शिरकत की। हवन, यज्ञ एवं झंडा रस्म के बाद भजन कीर्तन के माध्यम से बाबा विश्वकर्मा जी की स्तुति की गई। प्रधान अरविंद धीमान ने झंडे की रस्म अदा की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस अवसर पर जसविंदर धीमान बबली, राकेश धीमान, अश्वनी धीमान, सुरेन्द्र धीमान, अनिल धीमान, जसविंदर धीमान, राज कुमार धीमान, विकास धीमान, राजिंदर धीमान, नपा सदस्य रानी धीमान, राजेश धीमान, सुरजीत मक्कड़, कुलदीप सिंह, धर्मवीर रिम्पी, परवीन धीमान, पंडित राकेश कुमार, राम कुमार धीमान, प्रेम चंद धीमान, राज पल धीमान, चमन लाल धीमान, एडवोकेट विकास धीमान, तरुण धीमान, शक्ति धीमान, गुरमुख धीमान, ज्वाला धीमान, नितिन धीमान, दीपक धीमान, सुशील धीमान, बलजिंदर धीमान, रमेश धीमान, कमल धीमान, बरखा राम धीमान, विद्या सागर, सचिन धीमान, सुभाष धीमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



**नारायणगढ़।** धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों को सम्मानित करते प्रधान अरविंद धीमान।

### शव परिजनों के हवाले

**अंबाला।** अंबाला-सहारनपुर रेल मार्ग स्थित गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने वाले प्रेमी युगल के शवों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया हे। मृतक युवक के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने 174 के तहत कार्रवाई की है। इसमें किसी भी परिजन को आरोपी नहीं बनाया गया है। दोनों के परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच भी बंद कर दी है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**अंबाला।** जैतपुरा गांव में डिस्पेंसरी की जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस हमले में एक पक्ष से दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों में गांव जैतपुरा के जसतार सिंह, उनका बेटा अमनदीन सहित पत्नी, भतीजे व भाभी शामिल रहे। मारपीट में एक महिला का दांत भी टूट गया। पुलिस ने जोगपाल, राजकुमार सहित अन्य पर मारपीट की धाराओं की तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### ठेकेदार से झपटी चेन

**अंबाला।** अंबाला-अमृतसर हाईवे की सर्विस लेन पर पहले से घात लगाए बैठे पांच युवकों ने लघु शंका करने रुके करनाल नगर पालिका में सरकारी ठेकेदार से चेन झपट ली। बदमाश उसे झाड़ियों में घसीटकर ले गए और उसकी पेंट की जेब से 60 हजार रुपये, तीन एटीएम, क्रेडिट कार्ड और गाड़ी की चाबी भी निकाल ली। लूट के बाद सभी युवक रेलवे ट्रैक की तरफ भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जीवन में गुरु का पदार्पण होने से जागृत होता है इंसानी मन

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में दिवाली व विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित भव्य सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान आश्रम में दीपावली व विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग एवं भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साध्वी नैतिकता भारती ने सभी नगर निवासियों को संस्थान की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि प्रत्येक पर्व एवं त्यौहार देश की गरिमा को दर्शाता है किंतु ये हम पर निर्भर है कि हम इन त्यौहारों के मर्म को जान कर पूर्ण रूप से लाभान्वित होते हैं।

कहा कि मानव मन पूर्णत तभी जागृत होता है जब उसके जीवन में गुरु का पदार्पण हो क्योंकि हम अपने मन और बुद्धि से कितना भी धन अथवा ज्ञान अर्जित क्यों न कर लें परन्तु गुरू, भक्ति और ब्रह्मज्ञान के बिना सांसारिक ज्ञान अधूरा है। जैसे दीपावली की रात्रि को अकेली मां लक्ष्मी की पूजा नहीं की जाती है अपितु उनके साथ गणेश तथा मां सरस्वती का पूजन भी किया जाता है। धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी का आह्वान विवेक के प्रदाता गणेश और कर्मठता एवं सर्वगुण संपन्नता को देने वाली मां सरस्वती के साथ किया जाता है ताकि हमारे विवेक और कर्मठता के द्वारा धर्मपरायण होकर अर्जित धन एवं ज्ञान हमारे घर में स्थाई संपन्नता एवं सुख शान्ति लेकर आए।



**अंबाला।** सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते साध्वी नैतिकता भारती व अन्य।

### प्रेरित किया

भारती ने कहा कि मानव मस्तिष्क का प्रत्येक विचार, स्वभाव और मान्यताएं उसके द्वारा ग्रहण किए गए ज्ञान पर ही आधारित होते हैं।इसी लिए शास्त्रों में सुसंगती के लिए मनुष्य को प्रेरित किया गया है। यह शाश्वत सत्य है कि जब तक हम अपने जीवन में ब्रह्मनिष्ठ संत के द्वारा ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके निरंतर उनकी आज्ञा में चलते हुए सत्संग, सेवा, साधना और सुमिरन को स्थान नहीं देते, तब तक हम अपने जीवन में कर्मयोग, भक्तियोग अथवा ज्ञान योग के सूत्रों से लाभान्वित नहीं हो पाते। जैसे एक दीये के भीतर छिपी अग्नि को प्रकट करने के लिए उसे अग्नि के किसी बाहरी स्रोत से संपर्क साधने की आवश्यकता होती है। यह गुरू की महिमा है कि वे सर्व सामर्थ्यशाली होने पर भी शिष्य को अपने विश्व शांति के महान लक्ष्य में सहभागी बनाता है ताकि शिष्य अपने कर्म संस्कारों एवं मन के विकारों से मुक्त होकर अपने जीवन का उत्थान करके जन्म मरण के चक्रव्यूह से मुक्त हो पाएं।

# आतिशबाजी की वजह से हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खराब, एक्यूआई 160 के पार

**अंबाला** दीवाली पर जमकर आतिशबाजी होने से ट्विन सिटी की फिजा में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। दीवाली की रात में शाम 7 बजे से 2 बजे तक फूटे पटाखों के कारण हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर था। बीते सोमवार शाम 4 बजे से लेकर मंगलवार शाम 4 बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 234 रिकॉर्ड किया गया था। यह एक्यूआई खराब स्थिति में रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत आने के साथ ही खांसी-जुखाम जैसी एलर्जी की समस्या भी रही। 201 से ऊपर का एक्यूआई स्तर खराब माना जाता है और इसके लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। बुधवार को भी हवा में प्रदूषण का स्तर 160 के पास था। क्योंकि मंगलवार व बुधवार को भी रोक के बावजूद लोगों ने आतिशबाजी की। आतिशबाजी के कारण हवा में निरंतर जहर घुल रहा है। रोक के बावजूद देर रात तक लोग पटाखे चलाते रहे। निरंतर बदल रहा मौसम मौसम भी लगातार बदल रहा है। इस वजह से भी लोगों की परेशानी बढ़ रही है। अगले दो-तीन दिन तक प्रदूषण का असर देखने को मिल सकता है। प्रदूषण विभाग लगातार एक्यूआई पर नजर रख रहा है, अगर यह एक्यूआई और बढ़ता तो इसको आगामी कदम उठाए जा सकते हैं ताकि इसमें सुधार हो सके।

अस्थमा व फेफड़ों की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की बढ़ी दिक्कत, चिकित्सक बोले घर से बाहर जाने में परहेज करें ऐसे लोग

### खास ख्याल रखने की जरूरत

जिला नागरिक अस्पताल में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पिता गर्ग ने बताया कि दीवाली के दिनों में हवा में प्रदूषण बढ़ जाता है। जिन लोगों को अस्थमा के कारण सांस की दिक्कत है, उन लोगों को इन दिनों में खास ख्याल रखने की जरूरत है। वह मुंह पर मास्क बांधकर रखें या रूमाल भी बांध सकते हैं। पटाखों का धुंआ सीधा फेफड़ों पर असर करता है इसलिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों को भी ख्याल रखना चाहिए। बुजुर्गों को अभी कुछ दिन शाम की सैर करने से भी बचना चाहिए। एक आदर्श एक्यूआई स्तर 50 से कम होना चाहिए। जिसे अच्छा माना जाता है। इसी तरह 50 से 100 के बीच का स्तर मध्यम होता है। 101 से 150 स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और 151 से 200 अस्वस्थ होता है। इससे संवेदनशील लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं। 201 से ऊपर का एक्यूआई स्तर खराब माना जाता है। इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए।

## अन्नकूट महोत्सव मनाया

**अंबाला।** कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को होने वाली गोवर्धन पूजा या अन्नकूट महोत्सव बुधवार को मनाया गया। इस साल प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 21 अक्तूबर की शाम 5:55 बजे से हो रही है और यह अगले दिन यानी 22 अकतूबर की रात 8:17 बजे तक रहेगी। ये जानकारी ज्योतिषी गिरीश आहूजा ने दी। उन्होंने बताया इस बार कार्तिक अमावस्या में वृद्धि होने के कारण अमावस्या दो दिन पड़ने की वजह से यह पर्व 22 अक्तूबर को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 6:30 से 8:50 मिनट तक। सांय काल पूजा दोपहर 3:36 बजे से 5:52 बजे तक रहेगा। दोपहर का यह मुहूर्त स्वाति नक्षत्र और प्रीति योग के शुभ संयोग के कारण पूजा-अर्चना के लिए सबसे उत्तम माना गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## दिवाली पर बिके साढ़े छह करोड़ के पटाखे

**अंबाला।** छावनी के गांधी मैदान सहित रामबाग रोड और अंबाला शहर के सेक्टर आठ में विभाग द्वारा चिन्हित की गई विभिन्न जगहों पर पटाखों के स्टाल लगाए गए। इन पटाखों के स्टालों पर लोगों की सुबह से लेकर रात तक भीड़ जुटी रही। इसके अलावा पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे ताकि कोई दुर्घटना न हो। पटाखा स्थल पर अग्निशमन वाहनों के साथ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी ताकि कोई शरारती तत्व किसी प्रकार की छेड़छाड़ न कर पाए। पटाखों के साथ युवाओं ने गंधक पटास की भी जमकर खरीदारी की। पटाखों के थोक विक्रेता चिराग अरोड़ा ने बताया कि इन तीन दिनों की बिक्री के दौरान करीब सादे छह करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है। दुकानदार प्रदीप, गौतम, वरुण और रमेश ने बताया कि इस बार स्काई शॉट, गंगा जमना, कंडील, अनार, छोटी बड़ी फुलझड़ी, राकेट, अमरेला, कॉक ब्रांड, बुलेट व चकरी आदि की खूब मांग रही और लोगों ने जमकर इन पटाखों की खरीदारी की।

परेशानी | भीड़ को देखते रेलवे की ओर से चलाई जा रही कई विशेष ट्रेनें

# छठ पर्व को लेकर अंबाला रेलवे स्टेशन पर बढ़ी यात्रियों की भीड़, हरदिन आ रहे एक लाख यात्री

रेलवे प्रबंधक ने स्टेशन का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दीपावली के बाद अब अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर छठ पर्व को लेकर भीड़ बढ़ने लगी है। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अपनी तैयारियां शुरु कर दी है। रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट केंद्र पर अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन पर भी कर्मचारी की तैनाती कर दी गई है। जल्द ही मोबाइल से टिकट देने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी जाएगी। रेलवे ने इस सभी सुविधाओं की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

### बुधवार से शुरू हुआ संचालन

ट्रेन नंबर 4602 फिरोजपुर से 22 अक्तूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04656 लुधियाना से 22, 23 व 24 अक्तूबर को, 04658 लुधियाना से 22 अक्तूबर को, 04660 लुधियाना से 23 अक्तूबर को और ट्रेन नंबर 04664 लुधियाना से 24 अक्तूबर को रात 8:20 बजे रवाना होकर रात 10:50 बजे अंबाला कैंट और अगले दिन रात 10:40 बजे पटना पहुंचेगी।

### विशेष ट्रेनों में सफर करें

■ कटिहार और लखनऊ के लिए विशेष ट्रेनें

भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने के लिए बुधवार सुबह अंबाला रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ स्टेशन पर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के तहत विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जा रहा है। शनिवार को भी दो विशेष ट्रेनें सरहिंद से सहरसा और चंडीगढ़ से कटिहार के बीच चलाई गई थीं। बुधवार को भी चंडीगढ़ से कटिहार और लखनऊ के लिए भी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसलिए यात्री घबराएं नहीं उन्हें गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने पूरी तैयारी की है। यात्रियों से आग्रह किया वो दैनिक ट्रेनों की बजाए विशेष ट्रेनों में सफर करें क्योंकि इनमें सीटें खाली हैं और उनका सफर भी आरामदायक हो सकता है। ट्रेनों को स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने, बैठने की सुविधा सहित खानपान की सुविधा को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बताया कि पहले जहां अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 40 से 50 हजार यात्री आ रहे थे अब यह आंकड़ा 90 हजार प्रतिदिन के हिसाब से पार कर गया है। इसलिए आरपीएफ सहित वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।